**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

संख्याः एम0ई0–3/2022/ 2499 लखनऊः दिनांक 29 अक्टूबर 2022

**नीट पी0जी0 2022 के अन्तर्गत डी0एन0बी0 डिग्री एवं डी0एन0बी0 डिप्लोमा की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु संशोधित समय–सारिणी**

यू0पी0 नीट पी0जी0 2022 की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु इस कार्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 19.10.2022 द्वारा समय–सारिणी जारी करते हुए पंजीकरण की तिथि दिनांक 20 अक्टूबर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 25 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित की गयी थी, जिसे कार्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 25.10.2022 द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2022 तक विस्तारित किया गया था।

महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 28.10.2022 के माध्यम से भारत सरकार द्वारा नीट पी0जी0 2022 के अन्तर्गत योग्यता परसेन्टाइल को कम करने के दृष्टिगत नीट पी0जी0 2022 के संशोधित कट–ऑफ स्कोर के पश्चात डी0एन0बी0 डिग्री (03 वर्षीय) एवं डी0एन0बी0 डिप्लोमा (02 वर्षीय) काउंसिलिंग के संबंध में प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के चिकित्साधिकारियों से दिनांक 28.10.2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की सूचना प्रेषित करते हुए काउंसिलिंग की तिथि विस्तारित किये जाने का अनुरोध किया है।

अतः वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत नीट पी0जी0 2022 के अन्तर्गत **डी0एन0बी0 डिग्री एवं डी0एन0बी0 डिप्लोमा** की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु संशोधित समय–सारिणी निम्नवत हैः–

| विवरण | संशोधित समय सारिणी |
|---|---|
| ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 29 अक्टूबर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे से 30 अक्टूबर 2022 तक |
| सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की तिथि | दिनांक 31 अक्टूबर 2022 मध्यान्ह 12:00 बजे तक |
| मेरिट लिस्ट घोषित करने की सम्भावित तिथि | दिनांक 31 अक्टूबर 2022 |
| ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग की तिथि | दिनांक 01 नवम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे से 03 नवम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| परिणाम घोषित करने की तिथि | दिनांक 03/04 नवम्बर 2022 |
| आवंटन पत्र डाउनलोड करने एवं प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 04 नवम्बर 2022 से 05 नवम्बर 2022 तक |

अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु वेबसाईट upneet.gov.in तथा dgme.up.gov.in का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

**महानिदेशक।**